<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–27.02.2023 (सं0–132)

बिहार पुलिस की इकाई विशेष कार्य बल (STF) के द्वारा हथियार तस्करों की गिरफ्तारी

- दिनांक–20.02.2023 को बिहार पुलिस की इकाई विशेष कार्य बल (STF) के द्वारा कोलकाता विशेष कार्य बल (STF) के साथ संयुक्त अभियान में खगड़िया जिला के चौथम थानान्तर्गत ग्राम मुशहरी में छापामारी कर मिनी गन फैक्टरी का उद्‌भेदन करते हुए 03 हथियार तस्करों को गिरफ्तार तथा अवैध आग्नेयास्त्र सहित हथियार बनाने का उपकरण बरामद तथा जप्त किया गया है।

गिरफ्तारी :–

1. राकेश कुमार 2. तनवीर उर्फ सोनू तथा 3. मोहम्मद एजाज जिला मुंगेर।

बरामदगी :–

1. पिस्टल स्लाइड –10
2. पिस्टल बॉडी –10
3. पिस्टल ग्रिप –10
4. पिस्टल बैरल –07 इत्यादि

1. इसी प्रकार दिनांक–20.02.2023 को हीं बिहार पुलिस की इकाई विशेष कार्य बल (STF) के द्वारा कोलकाता विशेष कार्य बल (STF) के साथ संयुक्त अभियान में समस्तीपुर जिला के हसनपुर थानान्तर्गत गंगासागर पुल के पास छापामारी कर मिनी गन फैक्टरी का उद्‌भेदन करते हुए 07 हथियार तस्करों को गिरफ्तार तथा अवैध आग्नेयास्त्र सहित हथियार बनाने का उपकरण बरामद तथा जप्त किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से अर्द्धनिर्मित पिस्टल बॉडी–20, अर्द्धनिर्मित पिस्टल बैरल–38, अर्द्धनिर्मित पिस्टल स्लाइडर–07, अर्द्धनिर्मित पिस्टल ग्रिप इत्यादि बरामद किया गया।

<u>xxxxxxxx</u>